| | |
|---|---|
| **Publication:** ET BFSI | **Edition**: Online |
| **Date:** May 2, 2025 | **Page:** NA |


ET BFSI
From The Economic Times

# Aditya Birla Capital Digital Launches Digital Gold SIP on the ABCD Mobile App

Mumbai (Maharashtra) [India], Aditya Birla Capital Digital Limited ("ABCDL"), the digital-first D2C arm of India's leading financial services company, Aditya Birla Capital, today, announced the launch of Digital Gold SIP - a systematic investment plan that enables users to invest in digital gold starting at just Rs. 50 for weekly SIPs and Rs. 100 for monthly SIPs. This feature is available on the ABCD mobile app.

ANI
Updated On May 2, 2025 at 12:53 PM IST

Mumbai (Maharashtra) [India], May 1: Aditya Birla Capital Digital Limited ("ABCDL"), the digital-first D2C arm of India's leading financial services company, Aditya Birla Capital, today, announced the launch of Digital Gold SIP - a systematic investment plan that enables users to invest in digital gold starting at just Rs. 50 for weekly SIPs and Rs. 100 for monthly SIPs. This feature is available on the ABCD mobile app.

Digital Gold SIP brings together India's widely adopted investment method, with an asset class deeply rooted in tradition. By enabling regular, automated investments, it helps investors navigate market fluctuations over time through the power of compounding. The offering is backed by 24-Karat physical gold stored in secure, insured vaults managed by MMTC-PAMP (a JV between Swiss bullion brand PAMP and Minerals and Metals Trading Corporation Limited, a Government of India undertaking).

ADITYA BIRLA CAPITAL

| **Publication:** FE Hindi | **Edition**: Online |
|---|---|
| **Date:** April 30, 2025 | **Page:** NA |

FINANCIAL EXPRESS
Read to Lead

# Digital Gold SIP : सिर्फ 50 रुपये से शुरू होती है ये डिजिटल गोल्ड एसआईपी, आदित्य बिरला कैपिटल के ऐप पर डिजिटल सिल्वर भी मौजूद

Digital Gold SIP: आदित्य बिरला कैपिटल डिजिटल की गोल्ड एसआईपी के ज़रिए सिर्फ 50 रुपये से निवेश शुरू कर सकते हैं. कंपनी के ABCD मोबाइल ऐप पर डिजिटल सिल्वर में निवेश का विकल्प भी मौजूद है.

**Digital Gold and Silver SIP:** अक्षय तृतीया के दिन आदित्य बिरला कैपिटल डिजिटल लिमिटेड (ABCDL) ने डिजिटल गोल्ड एसआईपी लॉन्च करने का एलान किया है. खास बात यह है कि इस नई स्कीम के जरिए निवेशक सिर्फ 50 रुपये से डिजिटल गोल्ड में निवेश शुरू कर सकते हैं. गोल्ड एसआईपी का यह विकल्प कंपनी के ABCD मोबाइल ऐप पर भी मौजूद है, जिसके चलते निवेश करना काफी आसान हो जाता है. साथ ही इस ऐप पर डिजिटल सिल्वर में निवेश की सुविधा भी उपलब्ध है.

## सिर्फ 50 रुपये से शुरू करें सोने में निवेश

इस नई स्कीम के जरिये डिजिटल गोल्ड में सिस्टमैटिक इनवेस्टमेंट प्लान (SIP) के जरिये निवेश किया जा सकता है. इसके लिए हर हफ्ते 50 रुपये या हर महीने 100 रुपये जितनी छोटी रकम से भी इनवेस्टमेंट की शुरुआत की जा सकती है. यानी इस एसआईपी स्कीम के जरिये छोटे निवेशक भी बड़ी आसानी से सोने और चांदी जैसी कीमती धातुओं में निवेश कर पाएंगे. ध्यान रहे कि सोने और चांदी को सुरक्षित एसेट क्लास माना जाता है, जिसमें निवेश से इनवेस्टमेंट पोर्टफोलियो को मजबूती मिलती है.

## 24 कैरेट गोल्ड और पूरी सुरक्षा की गारंटी

आदित्य बिरला कैपिटल डिजिटल लिमिटेड के मुताबिक यह इनवेस्टमेंट ऑप्शन 24 कैरेट फिजिकल गोल्ड पर आधारित है, जिसे निवेशकों की तरफ से सुरक्षित और इंश्योर्ड वॉल्ट्स में रखा जाता है. इन वॉल्ट्स को MMTC-PAMP द्वारा मैनेज किया जाता है, जो स्विस बुलियन ब्रांड PAMP और भारत सरकार की कंपनी MMTC का ज्वाइंट वेंचर है.

**Also read : 5 बेस्ट लार्ज एंड मिड कैप फंड, 30% से ऊपर रहा 5 साल का एनुअल रिटर्न, क्या है निवेश की रणनीति**

## गोल्ड SIP के साथ गिफ्टिंग की सुविधा

ABCD मोबाइल ऐप के ज़रिए ग्राहक न केवल गोल्ड में एसआईपी कर सकते हैं, बल्कि इसे गिफ्ट भी कर सकते हैं. यह सुविधा स्टोरेज, सिक्योरिटी या मेकिंग चार्ज के झंझट के बिना सोने-चांदी में निवेश और बचत को आसान बनाती है.